महाराणा प्रताप महाविद्यालय
13-1-24
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 103

# B.A. Ist SEMESTER EXAMINATION, 2023-24

## हिन्दी

## हिन्दी काव्य (द्वितीय)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**1342**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) | | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________

Roll No. (In Words) : ____________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट : पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

1. निम्नलिखित में से अज्ञेय का काव्य–संग्रह है :

(A) हरी घास क्षण भर

(B) भूरि–भूरि खाक धूल

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

2. 'आधुनिक युग की मीरा' के नाम से जाना जाता है :

(A) सुभद्राकुमारी चौहान

(B) महादेवी वर्मा

(C) उषा प्रियंवदा

(D) मन्नू भण्डारी

3. इनमें से कौन सी रचना पंत की है :

(A) पल्लव

(B) युगवाणी

(C) लोकायतन

(D) उपर्युक्त सभी

4. "वीणावादिनि वर दे।

वर दे, वीणावादिनि, वर दे।

प्रिय स्वतंत्र रव, अमृत मंत्र नव भारत में भर दे।" काव्य पंक्ति के लेखक हैं :

(A) सुमित्रानन्दन पंत

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) अयोध्या सिंह उपाध्याय

(D) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'



Scanned with OKEN Scanner

5. 'वैदेही वनवास' के रचनाकार हैं :

(A) अयोध्या सिंह उपाध्याय

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) श्रीधर पाठक

6. 'दिवस का अवसान समीप था। गगन था कुछ लोहित हो चला।।' पंक्ति के रचनाकार हैं :

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) रामनरेश त्रिपाठी

(D) अयोध्या सिंह उपाध्याय

7. "निज भाषा उन्नत अहै, सब उन्नति कै मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान कै मिटै न हिय कै सूल।।
कविता के लेखक हैं :

(A) राधा कृष्ण दास

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) अयोध्या सिंह उपाध्याय

(D) ठाकुर जगमोहन सिंह

8. "रोवहु सब मिलि, आवहु भारत भाई
हा! हा! भारत–दुर्दशा न देखी जाई।"
पंक्ति के लेखक हैं :

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) प्रतापनारायण मिश्र

(D) इनमें से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

9. निम्नलिखित में से किसका सम्पादन भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने नहीं किया है :

(A) कविवचन सुधा

(B) हरिश्चन्द्र चन्द्रिका

(C) ब्राह्मण

(D) बालाबोधिनी

10. इनमें कौन भारतेन्दु मण्डल का लेखक नहीं है :

(A) अयोध्या सिंह उपाध्याय

(B) प्रताप नारायण मिश्र

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'

11. पैरोडी, स्यावा और लावनी आदि शैलीगत रूपों में कविताएं लिखी हैं :

(A) अयोध्या सिंह उपाध्याय

(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(C) राधाकृष्ण दास

(D) इनमें से कोई नहीं

12. निम्नलिखित में से भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का काव्य संग्रह है :

(A) प्रेम सरोवर

(B) प्रेम माधुरी

(C) प्रेम फुलवारी

(D) उपर्युक्त सभी

13. इनमें से नई कविता की विशेषता नहीं है :

(A) बौद्धिकता

(B) श्रृंगार–निरूपण

(C) अतिशय वैयक्तिकता

(D) क्षणवादिता



Scanned with OKEN Scanner

14. 'छायावाद' शब्द के प्रथम प्रयोक्ता हैं :

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) मुकुटधर पाण्डेय

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) डॉ० नगेन्द्र

15. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती पत्रिका का सम्पादन भार संभाला था :

(A) 1900 ई०

(B) 1903 ई०

(C) 1918 ई०

(D) 1920 ई०

16. आधुनिक काल को हिन्दी नवजागरण कहा है :

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने

(B) डॉ० रामविलास शर्मा ने

(C) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने

(D) डॉ० नगेन्द्र ने

17. आधुनिक काल को 'गद्यकाल' की संज्ञा की है :

(A) नगेन्द्र

(B) रामविलास शर्मा

(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

18. छायावादी कविता में नारी (स्त्री) की छवि किस रूप में है :

(A) पुरूष की प्रेरक शक्ति

(B) वासना से भरी हुई

(C) निर्दनीय

(D) उपेक्षित



Scanned with OKEN Scanner

19. 'महाप्राण' किस छायावादी कवि के नाम से पहले जुड़ता रहा है ?

(A) सुमित्रानंदन पंत के

(B) जयशंकर प्रसाद के

(C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के

(D) महादेवी वर्मा के

20. "और देखा वह सुंदर दृश्य नयन का इन्द्रजाल अभिराम,

कुसुम वैभव में लता समान चन्द्रिका से लिपटा घनश्याम।"

उपर्युक्त पंक्ति में गुण है :

(A) ओज गुण

(B) माधुर्य गुण

(C) प्रसाद गुण

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. 'संध्या सुंदरी' कविता की विशेषता है :

(A) चित्रात्मकता

(B) खड़ी बोली का प्रयोग

(C) प्रकृति का मानवीकरण

(D) उपर्युक्त सभी

22. 'नील परिधान बीच सुकुमार खुल रहा मृदुल अधखुला अंग, खिला हो ज्यों बिजली का फूल मेघ बन बीच गुलाबी रंग।'

इस पंक्ति में किस रस की अभिव्यक्ति हुई है ?

(A) वीर रस

(B) करूण रस

(C) श्रृंगार रस

(D) शांत रस



Scanned with OKEN Scanner

23. 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।

बिन निज भाषा–ज्ञान के मिटत न हिय को सूल।'

इस पंक्ति में किस छंद का प्रयोग किया गया है ?

(A) चौपाई का

(B) सोरठा का

(C) बरवै का

(D) दोहा का

24. 'प्रियप्रवास' किस युग की रचना है ?

(A) भारतेन्दु युग

(B) द्विवेदी युग

(C) छायावादी युग

(D) प्रगतिवादी युग

25. भारतेन्दु युगीन कवियों की काव्य–भाषा मुख्यतः थी :

(A) ब्रजभाषा

(B) खड़ी बोली

(C) अवधी

(D) भोजपुरी

26. खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य माना जाता है :

(A) कामायनी

(B) साकेत

(C) प्रियप्रवास

(D) इनमें से कोई नहीं

27. इनमें से कौन भारतेन्दु युग का कवि नहीं है ?

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) अंबिकादत्त व्यास

(D) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

28. "गुरू हथौड़ा हाथ करती बार–बार प्रहार"

उपर्युक्त पंक्ति किस कविता की है ?

(A) संध्या सुंदरी की

(B) वर दे वीणा वादिनी की

(C) राजे ने रखवाली की की

(D) तोड़ती पत्थर की

29. "रोकहिं जौं तो अमंगल होय, औं प्रेम नसैं जैं कहैं प्रिय जाइए।"

ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं :

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) रामनरेश त्रिपाठी

(D) मैथिलीशरण गुप्त

30. 'तार सप्तक' का सम्पादन किसने किया था ?

(A) मुक्तिबोध ने

(B) अज्ञेय ने

(C) महादेवी वर्मा ने

(D) जय शंकर प्रसाद ने



Scanned with OKEN Scanner

31. 'प्रयोगवाद' का आरंभ किस रचना से माना जाता है ?

(A) तार सप्तक

(B) दूसरा सप्तक

(C) तीसरा सप्तक

(D) चौथा सप्तक

32. 'मैं नीर भरी दुःख की बदली' शीर्षक कविता किसने लिखी है ?

(A) सुमित्रानंदन पंत

(B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(C) महादेवी वर्मा

(D) जयशंकर प्रसाद

33. 'कामायनी' का दूसरा सर्ग है :

(A) चिंता

(B) आशा

(C) श्रद्धा

(D) काम

34. 'कामायनी में हृदय' का प्रतीक पात्र है :

(A) इड़ा

(B) श्रद्धा

(C) मन

(D) आकुलि

35. इनमें से कौन–सी कविता मुक्तिबोध की है ?

(A) नदी के द्वीप

(B) राजे ने रखवाली की

(C) मौन निमंत्रण

(D) भूल गलती

36. "किंतु हम हैं दीप।

हम धारा नहीं हैं।

स्थिर समर्पण है हमारा। हम सदा से द्वीप है' स्रोतस्विनी के किंतु हम बहते नहीं हैं।

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता की हैं ?

(A) नदी के द्वीप की

(B) सामग्री का नैवेद्य दान की

(C) अच्छा खंडित सत्य की

(D) इनमें से कोई नहीं की

37. सुमित्रानंदन पंत ने जर्जर मान्यताओं के नष्ट होने की बात किस कविता में कही है ?

(A) द्रुत झरो जगत के जीर्ण पत्र में

(B) मौन निमंत्रण में

(C) मोह में

(D) प्रथम रश्मि में

38. 'प्रथम रश्मि' किस प्रकार की कविता है :

(A) आध्यात्मिक एवं दार्शनिक

(B) प्रणय वेदना की अभिव्यंजक

(C) प्रकृति चित्रण प्रधान

(D) इनमें से कोई नहीं

39. 'बाले तेरे बाल जाल में कैसे उलझा दूँ लोचन,

छोड़ अभी से इस जग को।'

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) महादेवी वर्मा

(C) सुमित्रानंदन पंत

(D) मुक्तिबोध



Scanned with OKEN Scanner

40. सुमित्रानंदन पंत के काव्य में निम्न में से कौन–सी विशेषता निहित है ?

(A) विषय और शैलीगत गतिशीलता

(B) शिल्प का अधिकाधिक महत्व

(C) चित्रमयी भाषा का प्रयोग

(D) उपर्युक्त सभी

41. महादेवी वर्मा के काव्य में शामिल तत्त्व है :

(A) जागरण की चेतना

(B) स्वतंत्रता की कामना

(C) दुःख की अनुभूति

(D) उपर्युक्त सभी

42. महादेवी वर्मा के काव्य की प्रमुख विशेषता है :

(A) रहस्यवाद

(B) प्रगतिवादी चेतना

(C) प्रयोगवादी चेतना

(D) इनमें से कोई नहीं

43. 'जाग तुझको दूर जाना' कविता संबोधित है :

(A) स्वाधीनता सेनानियों को

(B) जीवन संघर्ष के पथ पर अग्रसर पथिक को

(C) आराध्य की प्राप्ति के लिए व्यग्र भक्त को

(D) उपर्युक्त सभी को

44. छायावाद का काल सामान्यतः माना जाता है :

(A) 1900 से 1920 ई०

(B) 1918 से 1936 ई०

(C) 1936 से 1943 ई०

(D) 1943 से 1960 ई०



Scanned with OKEN Scanner

45. निम्न में से कौन–सी रचना महाकाव्य है :

(A) संध्या सुंदरी

(B) प्रथम रश्मि

(C) अच्छा खंडित सत्य

(D) कामायनी

46. महाकाव्य का लक्षण है :

(A) सर्गबद्धता

(B) कथानक

(C) रस योजना

(D) उपर्युक्त सभी

47. 'समस्या पूर्ति' किस काल की कविता में प्रचलित थी :

(A) प्रयोगवादी युग में

(B) छायावादी युग में

(C) भारतेन्दु युग में

(D) द्विवेदी युग में

48. निम्न में से किस रचना का प्रकाशन सबसे पहले हुआ ?

(A) कामायनी का

(B) प्रिय प्रवास का

(C) परिमल का

(D) 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' का



Scanned with OKEN Scanner

49. प्रगतिवादी काव्य की प्रवृत्ति है :

(A) शोषितों की दीनता का चित्रण

(B) शोषक वर्ग के प्रति घृणा

(C) सामाजिक जीवन का यथार्थ चित्रण

(D) उपर्युक्त सभी

50. निम्न में से कौन–सी विशेषता अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के काव्य में नहीं है ?

(A) वियोग तथा वात्सल्य वर्णन

(B) धर्म और ईश्वर के प्रति अनास्था

(C) खड़ी बोली का प्रयोग

(D) लोक सेवा की भावना

*****



Scanned with OKEN Scanner